# संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E_Mail:- registrar_sua@yahoo.in Phone:- 07774-222789, Fax:- 222791

क्रमांक : 283/परीक्षा /2025 अम्बिकापुर, दिनांक 17/10/2025

## अधिसूचना

शैक्षणिक सत्र 2025–26 में विश्वविद्यालय से संबद्व समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नामांकन का कार्य विश्वविद्यालय के पोर्टल www.sggcg.in के माध्यम से किये जाने हेतु तिथि निर्धारित की जाती है। छात्र/छात्राओं के नामांकन शुल्क ऑनलाईन माध्यम से राशि रू0 120/– प्रति छात्र भुगतान करना होगा। प्रदेश से बाहर के छात्रों का आव्रजन शुल्क ऑनलाईन माध्यम से राशि रू0 360/– प्रति छात्र भुगतान करना होगा । नामांकन हेतु तिथि का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | स्नातक प्रथम सेमेस्टर, स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रवेशित नियमित छात्र/छात्राओं के लिए ऑनलाईन माध्यम से नामांकन आवेदन भरें जाने हेतु प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि | दिनांक 22.10.2025 से 07.11.2025 तक |
| 02 | छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये ऑनलाईन नामांकन आवेदनों की हार्डकापी, ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 12.11.2025 तक |
| 03 | छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये ऑनलाईन नामांकन आवेदनों की हार्डकापी, ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति परीक्षण कर विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 15.11.2025 तक |

नोटः–

01. समस्त महाविद्यालय के प्रवेशित छात्र–छात्राओं को नामांकन फार्म भरना अनिवार्य है। ऐसे छात्र–छात्राऐं जो इस विश्वविद्यालय से सत्र 2024–25 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण हैं, एवं सत्र 2025–26 में नवप्रवेयित छात्र–छात्राऐं हैं, जो पूर्व में नामांकित हैं, एन छात्र–छात्राओं को नामांकन शुल्क से मुक्त रखा गया है। परंतु Enrollment Mapping की प्रक्रिया पूर्ण करना अनिवार्य है।

02. छात्र यह स्वयं सुनिश्चित कर लें कि उनके द्वारा प्रवेश के समय VAC एवं GE के विषयों का चयन किया गया है या नहीं अन्यथा की स्थिति में प्रवेशित महाविद्यालय से सपर्क कर उक्त विषयों का चयन पश्चात ही नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करें।

03. छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामांकन आवेदन भरते समय यूजर आईडी/पासवर्ड हेतु एक मोबाईल नंबर से एक ही नामांकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल एवं इमेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जावे।

04. नमांकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य यह सुनिश्चित कर लेवें कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते हैं।

05. नमांकन आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संपूर्ण जबावदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।

17.10.2025

06. किसी प्रकार की कठिनाई होने पर अपने महाविद्यालय के प्राचार्य/शिक्षकों से संपर्क करें। महाविद्यालय स्तर पर समस्या का निराकरण नही होने पर विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते है।

उपरोक्त निर्धारित तिथि तक छात्रों से अनिवार्य रूप से नामांकन परिपूरित करावें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)

पृष्ठांकन क्रमांक/284 /परीक्षा/2025 अम्बिकापुर, दिनांक 17/10/2025

**प्रतिलिपि :**

1. कुलपति /कुलसचिव, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ.ग.)
2. अपर संचालक, उच्च शिक्षा, क्षेत्रीय कार्यालय, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ.ग.)
3. प्राचार्य, समस्त अग्रणी महाविद्यालय संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ.ग.)।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ.ग.)।
5. व्यवस्थापक , एम.आई.सी.एस. भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. कार्यालयीन नस्ती।

17.10.2025

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)